Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005

Participants : Sharma Shri Madan Lal

>

Title : Implementation of Prime Minister's package announced for Jammu & Kashmir.

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी विसासत से सरकार के नोटिस में एक अहम मसला लाना चाहता हूं। इससे पहले मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि नौ महीने पहले जम्मू-कश्मीर रियासत के लिए चौबीस हजार करोड़ रुपए का पैकेज दिया था, जिसमें मुख्तलिफ महकमात शामिल किए गए। पहली बार जम्मू-कश्मीर रियासत के तीनों खित्ते लद्दाख, कश्मीर और जम्मू रीजन को बराबर की नजर से देखा गया। मेरा मरकजी सरकार से अनुरोध और अपील है कि जो पैकेज एनाउंस किया गया था उसका इम्पलीमेंटेशन अभी नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर रियासत सरकार की तरफ से वे प्रपोजल्स, वे सारे प्रोजेक्ट्स, चाहे वह टूरिज्म सैक्टर हो, चाहे आरएलबी सैक्टर हो, चाहे ट्रांसपोर्ट सैक्टर हो, चाहे बिजली सैक्टर के हों, वे अभी नहीं पहुंचे हैं। मैं हाउस और आपकी विसासत से सरकार से अपील करता हूं कि इसे एक्सपीडाइट करने के लिए परस्यू करें और रियासती सरकार को हिदायत दें कि वे जल्दी अपने प्रपोजल्स भेजे ताकि जम्मू-कश्मीर रियासत के लोगों को यू.पी.ए. सरकार की तरफ से जो राहत दी गई है, वह बरवकत पहुंचे, प्रोजेक्ट्स इम्पलीमेंट हों और उन पर काम शुरू हो।